# समाचार
# ईस्टर सण्डे के आयोजन में पहुंची महापौर





कोरबा 05 अप्रैल 2015 —महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज आफ क्राईस्ट एच.टी.पी.पी. कालोनी स्याहीमुड़ी एवं एस.ई.सी.एल. कालोनी कोरबा में पहुंचकर वहां आयोजित ईस्टर सण्डे के कार्यक्रम में शामिल हुई तथा प्रार्थना सभा में भाग लिया।

एच.टी.पी.पी. स्याहीमुड़ी दर्री स्थित चर्च आफ क्राईस्ट में रविवार को ईस्टर सण्डे मनाया गया, इसके साथ ही एस.ई.सी.एल. कालोनी सुभाष ब्लाक स्थित चर्च में भी ईस्टर सण्डे का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त दोनों आयोजनों में अपनी उपस्थिति प्रदान की। इस मौके पर चर्च के पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों ने महापौर श्रीमती अग्रवाल का शाल श्रीफल एवं गुलदस्ते से स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि ईस्टर का यह महान पर्व हम सबके लिए खुशी का अवसर लेकर आता है। प्रभु ईसा मसीह जी ने हम सबको क्षमा, दया एवं परोपकार की शिक्षा दी थी तथा क्षमा, दया का महत्व बताया था। इस मौके पर चर्च के फादर ने महापौर श्रीमती अग्रवाल एवं समस्त जनों की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त नागरिकबंधुओं को ईस्टर की मुबारकबाद दी। कार्यक्रम के दौरान एम.आई.सी. सदस्य सुनील पटेल, कांग्रेस नेत्री मंगल बुधिया, पार्षद अघनबाई आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।